# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

क्रमांकः एफ.2(1406)/सूप्रौ/संस्था/13/I/22237/2014 जयपुर, दिनांकः 17/8/2014

## संशोधित कार्यालय आदेश

राज्य में भामाशाह योजना के अन्तर्गत दिनांक 16.08.2014 से नामांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नामांकन शिविरों के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन को आवश्यक सहयोग तथा राज्य स्तरीय समन्वय हेतु आयोजना विभाग से जारी आदेश क्रमांक एफ17(2)/2/डीईएस/भामाशाह योजना/2014/ दिनांक 13.08.2014 के द्वारा विभिन्न जिलों में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधिकारियों की डयूटी लगायी गयी थी।

उपर्युक्त जारी आदेश के क्रम क्रं.सं. 1 एवं 24 में वर्णित अधिकारियों की डयूटी संशोधन कर निम्नानुसार लगायी जाती है:–

| क्र.स. | जिला | नाम व पद | वर्तमान पदस्थापन कार्यालय | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | श्री महेन्द्र सिंह शक्तावत प्रोग्रामर | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर | श्री राज पाराशर, कन्सलटेन्ट के स्थान पर |
| 24 | सवाई माधोपुर | श्री श्रवण कुमार कुमावत प्रोग्रामर | महिला एवं बाल विकास (आई.सी.डी.एस.), जयपुर | श्री हिमान्शु वाधवा, कन्सलटेन्ट के स्थान पर |

उक्त सभी अधिकारी दिनांक 30–08–2014 तक संबंधित जिले में जिला प्रशासन से सतत् सम्पर्क व समन्वय स्थापित करते हुए नामांकन शिविर आयोजन से संबंधित समस्त कार्य सम्पन्न करावाएंगें एवं दिनांक 18.08.14 को संबंधित जिले में पहुंच कर नामांकन शिविरों संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगें।

आज्ञा से,

(आशुतोष एम. देशपाण्डे)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. वरिष्ठ निजी सहायक, शासन सचिव एवं आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव,, शासन सचिव, आयोजना विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. संबंधित विभागायध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को प्रतिलिपि भेजकर लेख है कि उपरोक्त कार्य की महत्ता के मध्यनजर संबंधित अधिकारी को कार्यमुक्त कर आंवटित जिले में उपस्थिति देने हेतु कार्यमुक्त कर इस विभाग को सूचित करें।
4. निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, जयपुर।
5. संबंधित अधिकारी को पालनार्थ।
6. प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7. निजी / रक्षित पत्रावली।

(जय सिंह)
प्रभारी अधिकारी (संस्थापन)